बांझ फसल लहराते किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट

किसानों ने की सर्वे कराकर मुआवजा राशि और बीमा भुगतान की मांग

- ट्रैक्टर- ट्रॉलियों में सवार होकर पहुंचे थे कलेक्ट्रेट
- कृषि विभाग कार्यालय के सामने दिया धरना

नवभारत न्यूज

सीहोर 21 अगस्त. अतिवृष्टि और कीट प्रकोप से सोयाबीन की फसल बर्बाद होने से परेशान सिराड़ी, रासलाखेड़ी, चंदेरी सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों किसान शुक्रवार को खराब सोयाबीन के पौधे हाथों में लेकर ट्रैक्टर-ट्रालियों से सीहोर पहुंचे और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जोरदार नारेबाजी की और तत्काल फसल सर्वे कराने, उचित मुआवजा दिलाने तथा लंबित फसल बीमा राशि का भुगतान कराने की मांग की. किसानों के प्रदर्शन से कलेक्ट्रेट परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा.

शुक्रवार को किसान तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में खराब सोयाबीन की फसल लेकर रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे. किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के नाम ज्ञापन सौंपा. इसके बाद किसान कृषि कल्याण विभाग के कार्यालय पहुंचे और वहां भी अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते हुए धरने पर बैठ गए.

किसानों का कहना है कि इस वर्ष लगातार बारिश और अतिवृष्टि के कारण खेतों में सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है. वहीं कई खेतों में कीट प्रकोप के कारण पौधों में फलियां विकसित नहीं हो रही हैं और फसल बांझ हो गई है. सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल खराब होने से किसानों के सामने भारी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर फसल की बोवनी की थी, लेकिन अब खेतों में खड़ी फसल देखकर उनकी मेहनत और लागत डूबती नजर आ रही हैं.

किसानों ने मांग की कि खराब सोयाबीन की फसल का निष्पक्ष व पारदर्शी सर्वे कराया जाए. सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसानों को मुआवजा और बीमा राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए. किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई और लंबित बीमा राशि का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा.

तीन साल की बीमा राशि देने की उठाई मांग

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने वर्ष 2024, 2025 और 2026 की फसल बीमा राशि दिलाने की मांग की. किसानों का कहना है कि पिछले वर्षों में फसल खराब होने पर कुछ किसानों को तहसील स्तर से करीब पांच हजार रुपये तक राहत राशि मिली, लेकिन फसल बीमा की राशि सभी पात्र किसानों को अब तक नहीं मिली है. कुछ गांवों में बीमा राशि का भुगतान हुआ है, जबकि कई किसान अभी भी इससे वंचित हैं. किसानों ने सवाल उठाया कि बैंक द्वारा समय पर उनके खातों से फसल बीमा का प्रीमियम काटकर बीमा कंपनी को भेज दिया जाता है, लेकिन फसल खराब होने के बाद बीमा राशि के लिए किसानों को भटकना पड़ता है। किसानों ने मांग की कि जिन किसानों का प्रीमियम काटा गया है, उन्हें नियमानुसार बीमा का लाभ दिया जाए. किसानों ने कहा या तो उन्हें बीमा का लाभ दो या फिर प्रीमियम काटना बंद करो.

शटर तोड़कर ज्वेलरी शॉप में चोरी

सलामतपुर, 21 अगस्त. थाना क्षेत्र के दीवानगंज में बीती रात बेखौफ बदमाशों ने चोरी की दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है. चोरों ने एक ओर जहां ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर नकबजनी की, वहीं दूसरी ओर फैक्ट्री चौराहा के पास से एक पल्सर मोटरसाइकिल भी उड़ा ले गए. पुलिस टीम ने रात में ही संदिग्धों का पीछा भी किया, लेकिन आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे.

दीवानगंज स्थित विश्वकर्मा ज्वेलर्स के संचालक दशरथ विश्वकर्मा ने बताया कि वे रोजाना दुकान बंद करते समय सोने-चांदी के कीमती आभूषण अपने साथ घर ले जाते हैं. इसी सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा टल गया. हालांकि, चोर दुकान से लगभग 15 से 20 हजार रुपये मूल्य का छोटा-मोटा सामान बटोर ले गए. अपनी पहचान छिपाने के मकसद से बदमाश दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी उखाड़कर अपने साथ ले गए.

41 लाख की शराब से लदे ट्रक सहित दो गिरफ्तार

- ट्रक की बॉडी में गुप्त जगह पर छुपाकर रखी थी अवैध शराब
- आरोपियों का कहना- गुजरात ले जा रहे थे शराब

नवभारत न्यूज

सीहोर 21 अगस्त. पुलिस ने भोपाल से गुजरात ले जाई जा रही करीब 41 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब से भरे ट्रक को पकड़ लिया. पुलिस ने ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 325 पेटी शराब बरामद की है. आरोपियों ने पुलिस को चकमा देने के लिए ट्रक की बॉडी में गुप्त कंपार्टमेंट बना रखा था.

बीती रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 2140 में अवैध शराब भरकर गुजरात ले जाई जा रही है. कोतवाली पुलिस ने झागरिया रोड़ पर ग्राम बरखेड़ी के पास पेट्रोल पंप के सामने ट्रक को रोक लिया. तलाशी में ट्रक का पिछला हिस्सा खाली मिला, जिसमें सीमेंट बिखरी हुई थी. संदेह होने पर चालक और क्लीनर से पूछताछ की गई. इसके बाद ट्रक के आगे बने एक अलग कंपार्टमेंट का पता चला. इसे खोलने पर अंदर अंग्रेजी शराब की पेटियां मिली. कुल 325 पेटी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 41 लाख रुपए बताई गई है. पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी बबलू चौहान और सिकंदर मंडलोई निवासी जोबट जिला अलीराजपुर को गिरफ्तार किया. दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

छात्राओं से छेड़छाड़, शिक्षक गिरफ्तार

पाथाखेड़ा। शासकीय कन्या शाला सारनी में नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकत एवं छेड़छाड़ के गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में सारनी पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को सूचना मिली थी कि शासकीय कन्या शाला में पदस्थ शिक्षक द्वारा स्कूल समय के दौरान नाबालिग छात्राओं के साथ कथित रूप से बुरी नीयत से अश्लील हरकत एवं छेड़छाड़ की गई।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई–प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

अवैध रेत भंडारण पर चली जेसीबी

नवभारत न्यूज

बुधनी 21 अगस्त. नगर के वार्ड 11 में खनिज विभाग ने अवैध रेत के स्टॉक के खिलाफ कार्रवाई की. खनिज निरीक्षक खुशबू वर्मा ने जेसीबी की मदद से रेत के स्टॉक को नष्ट कराया.

जानकारी के अनुसार वार्ड 11 में लंबे समय से अवैध रेत का भंडारण किए जाने की शिकायतें खनिज विभाग को मिल रही थीं. शुक्रवार को विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और अवैध रूप से रखे गए रेत के स्टॉक को जेसीबी से फैलाकर नष्ट कराया. बताया जा रहा है कार्रवाई वाले स्थान से कुछ ही दूरी पर मुख्य मार्ग के किनारे लंबे समय से बड़े पैमाने पर रेत का स्टॉक किया जा रहा है. लोगों का आरोप है कि दिनदहाड़े नर्मदा नदी से रेत लाकर परिवहन किया जाता है. कुछ स्थानों पर रात के समय और मशीनों की मदद से नदी से रेत निकाली जा रही है. अब देखना होगा कि वार्ड 11 में कार्रवाई के बाद खनिज विभाग मुख्य मार्ग पर बताए जा रहे रेत के स्टॉक और कथित अवैध परिवहन को लेकर क्या कार्रवाई करता है.

तीर्थयात्रियों का वाहन पलटा, 8 घायल

नवभारत न्यूज

रेहटी 21 अगस्त. थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सलकनपुर के पास नीलकछार हाईवे रोड़ पर एक तूफान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में वाहन सवार आठ लोग घायल हो गए. सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तूफान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया था, जिससे उसमें सवार आठ लोग घायल हो गए. बताया जाता है कि वाहन में सवार सभी तीर्थयात्री थे जो छत्तीसगढ़ के बताए जाते हैं. सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 के जवानों ने तीन घायलों को एफआरव्ही वाहन से तथा पांच घायलों को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल पहुंचाया. कुछ घायलों को अधिक चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है.

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
चतुर्थ तल मुख्यालय भवन (सेकेन्ड स्टॉप के समीप), लिंक रोड-2, भोपाल

क्र. 5423/एच.एफ.ए./ 2026 भोपाल, दिनांक. 2.1./08/2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस. आवासीय परियोजना में मूल हितग्राही स्व श्रीमती अंशुल सोनी की मृत्यू उपरांत आवेदक पति श्री अंशुमन सोनी द्वारा नामातंरण हेतू आवेदन एच.एफ.ए कार्यालय मे प्रस्तुत किया गया है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र	हितग्राही का नाम	आवेदक का नाम एवं हितग्राही से संबंध	परियोजना का नाम	आवंटित आवास क्र
1	अंशुल सोनी	अंशुमन सोनी (पति)	हिनोतिया आलम (नॉन स्लम ई.डब्ल्यू.एस)	B-09/401

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप से हाउसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA cell) चतुर्थ तल मुख्यालय भवन (सेकेन्ड स्टॉप के समीप), लिंक रोड-2, भोपाल मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

सू.क्र. 619/026/027

जोनल अनकारी
(एच.एफ.ए) भील
नगर पालिक निगम: भोपाल

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस)
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल, प्लाट क्र-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी.
मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा - 122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in
प्रारूप संख्या एसटीके-6

सार्वजनिक सूचना

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1054 **दिनांक: 11/08/2026**

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (31) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

S.no	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC4887960	U30923MP2026PTC081750	इलेक्ट्रा डायनेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड
2	AC4828442	U62090MP2025PTC079985	रियलिस्टिक एआई प्राइवेट लिमिटेड
3	AC4953493	U41001MP2025PTC079461	अनघा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
4	AC4682485	U68200MP2025PTC078928	जेएसकेबी रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5111369	U29100MP2025PTC077391	मेइयूटो ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5098438	U47721MP2025PTC074657	जेनेफिक्स इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड
7	AC4949852	U62099MP2024PTC072992	स्केलिटेक लैब्स प्राइवेट लिमिटेड
8	AC4959935	U80100MP2024PTC070361	यश गार्ड सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड
9	AC4254982	U62013MP2023PTC068321	विजनएक्सटीइन्वेस्ट फाइनेंशियल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
10	AC4433861	U10799MP2023PTC067004	प्रपन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
11	AC4376160	U72900MP2022PTC063440	ईसर्व ऑटोमेटेड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
12	AC4947408	U25209MP2022PTC061225	साकोस वोवन सैक प्राइवेट लिमिटेड
13	AC4621887	U18109MP2022OPC060385	इंडो लैटिना फैशन (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
14	AC4718520	U45309MP2022PTC062500	श्री तिरुपति बालाजी इंजीनियर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
15	AC4718138	U01409MP2021PTC056698	तिलभांडेश्वर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
16	AC5094381	U01100MP2020PTC054302	जय रणजीत फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
17	AC4657504	U50400MP2021PTC054976	योजित बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड
18	AC4933554	U72900MP2020PTC054149	इंटरस्टेलर गेम्स प्राइवेट लिमिटेड
19	AC4530190	U74999MP2018PTC045603	बृजवंदन एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड
20	AC5004856	U85200MP2018PTC046504	ऋषिश्वर हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड
21	AC4967838	U22300MP2018PTC045691	अमंगांधी फिल्म प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड
22	AC4925387	U74999MP2018PLC046154	वेदिक वेंचर लिमिटेड
23	AC4656989	U36100MP2012PTC029672	सुनील कॉरुगेशन प्राइवेट लिमिटेड
24	AC4093379	U72300MP2015PTC033961	त्वारक इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड
25	AC4401283	U72900MP2016PTC041232	औम बिजनेस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
26	AC4770811	U51900MP2016PTC035386	स्वरेना आयुर्केयर प्राइवेट लिमिटेड
27	AC4547006	U24110MP2013PTC030098	आर्ट शैफ क्रिएटिव प्राइवेट लिमिटेड
28	AC4630443	U70101MP2011PTC025345	स्टॉन्च रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड
29	AC4618654	U45201MP2010PTC024460	एडीआर रियल्टीज प्राइवेट लिमिटेड
30	AC4460739	U14108MP2008PTC020589	समृद्ध माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड
31	AC4725682	U02423MP2004PTC016986	ऑगेन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

सीबीसी-07123-11-0473-2627

इरफन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

पत्नी को खुश करने बना बाहुबली

प्रतिमा को ले जा रहा था घर, न उठने पर तोड़ दी

- शिव प्रतिमा खंडित करने का मामला

नवभारत न्यूज

विदिशा,सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हरिपुरा स्थित ईको सिटी कॉलोनी में शिव मंदिर की प्रतिमा को खंडित करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी की पहचान अखिलेश यादव निवासी रामपुर के रूप में हुई है, जो पौआनाला में रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ बताया जा रहा है.घटना के बाद हिंदूवादी संगठनों और स्थानीय रहवासियों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए.

पुलिस को शिकायत दी थी. जानकारी के अनुसार ईको सिटी कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर में शिवजी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया था.घटना का वीडियो भी सामने आया था, जिसमें एक युवक प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ करता दिखाई दे रहा था। वीडियो सामने आने के बाद कॉलोनी के रहवासियों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग सिविल लाइन थाने पहुंचे थे.

लोगों ने पुलिस को आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी.पुलिस जांच के दौरान आरोपी की पहचान अखिलेश यादव के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी द्वारा कथित तौर पर बताया गया कि उसकी पत्नी शिवजी की पूजा-पाठ करती है और मंदिर आने में उसे परेशानी होती थी. इसी वजह से वह शिवजी की प्रतिमा को घर ले जाने की कोशिश कर रहा था. इसी दौरान प्रतिमा को नुकसान पहुंचा. हालांकि मामले की पूरी वास्तविकता पुलिस की जांच और पूछताछ के बाद ही स्पष्ट होगी. सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति, अन्य हिंदूवादी संगठनों ने गिरफ्तारी की मांग की.

मरीज को चारपाई पर लाए अस्पताल

नवभारत न्यूज

त्योंदा (विदिशा),21 अगस्त. आजादी के 80 साल बाद भी त्योंदा से बड़ी वीर तक पक्की सड़क नहीं बन सकी है. सड़क के अभाव में क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बारिश के दिनों में हालात और बदतर हो जाते हैं. सबसे गंभीर स्थिति मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के दौरान सामने आती है, क्योंकि खराब रास्ते के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती.

इसका ताजा उदाहरण बड़ी वीर निवासी फूल सिंह आदिवासी के बीमार बेटे के मामले में देखने को मिला. फूल सिंह अपने बेटे को इलाज के लिए त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने निकले, लेकिन गांव तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण परिजनों को बच्चे को चारपाई पर लिटाकर कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ा. परिजन बारी-बारी से बच्चे को कंधे पर लेकर सीएचसी त्योंदा तक पहुंचे.सीएचसी में डॉक्टरों ने बच्चे का तत्काल उपचार शुरू किया. हालत बिगड़ने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. इसके बाद परिजन बच्चे को लेकर विदिशा रवाना हुए.फूल सिंह ने कहा कि यदि गांव तक पक्की सड़क होती तो एंबुलेंस घर तक पहुंच सकती थी और बेटे को समय पर उपचार मिल जाता. उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय नेता सड़क निर्माण के वादे करते हैं, लेकिन चुनाव होने के बाद समस्या जस की तस रह जाती है.ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का अभाव स्वास्थ्य जैसी जरूरी सुविधाओं तक पहुंच में भी बड़ी बाधा बन गई है.

कई बार दिए ज्ञापन, अब तक नहीं बनी सड़क

ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से कई सरकारें आईं और गईं. चुनाव के दौरान सड़क निर्माण के वादे किए गए और जनप्रतिनिधियों को कई बार ज्ञापन भी सौंपे गए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ. ग्रामीणों में सड़क निर्माण को लेकर भारी आक्रोश है.ग्रामीणों ने मांग की है कि त्योंदा से बड़ी वीर तक जल्द से जल्द पक्की सड़क बनाई जाए. साथ ही गांव तक नियमित एंबुलेंस सेवा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. उनका कहना है कि सड़क विकास की पहली सीढ़ी है और इसके बिना गांव का समुचित विकास संभव नहीं है.

अभियान मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नागरिकों से किया संवाद

योजनाओं के लाभ से कोई नागरिक वंचित न रहे : शिवराज

नवभारत न्यूज

शाहगंज (सीहोर), 21 अगस्त. मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित किया गया. जिसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं. कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कराया गया, जबकि अन्य आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए.

कलेक्टर बालागुरू के और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है. अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करना उनका अधिकार है, इसलिए उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें. चौहान ने योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए. विधायक रमाकांत भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित किया. श्री चौहान ने हितग्राहियों से वन-टू-वन चर्चा कर पूछा कि योजनाओं का लाभ मिला या नहीं तथा लाभ प्राप्त करने में परेशानी तो नहीं हुई. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, निगम अध्यक्ष निर्मला बारेला, रवि मालवीय, नपाध्यक्ष सोनम भार्गव, मनोहर लाल महेश्वरी, महेंद्र शर्मा, महेश उपाध्याय, पुलिस कप्तान सोनाक्षी सक्सेना, डीएफओ अर्चना पटेल, एसडीएम संजीव कुमार नागू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.